भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1056
गुरूवार, 15 दिसम्बर, 2022/24 अग्रहायण, 1944 (शक)

माइक्रोसॉफ्ट डिजिसक्षम प्रोग्राम

1056. **श्री निरंजन बिशीः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नेशनल करियर सर्विस पोर्टल द्वारा प्रदान किए गए माइक्रोसॉफ्ट डिजिसक्षम प्रोग्राम के तहत वर्ष 2020 में प्रशिक्षित/अभिविन्यस्त उम्मीदवारों, पुरुष और महिलाओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2020 में माइक्रोसॉफ्ट डिजिसक्षम कार्यक्रम के तहत वर्चुअल इंस्ट्रक्टर के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कितने उम्मीदवारों को रोजगार प्रस्ताव दिए गए, तत्संबंधी राज्य-वार और लिंग-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित उम्मीदवारों को अधिकतम संख्या में रोजगार प्रस्ताव प्रदान करने वाले क्षेत्र/जॉब रोल का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): श्रम और रोजगार मंत्रालय ने माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के साथ साझेदारी की है और दिनांक 30.09.2021 को डिजिटल कौशल प्रदान करके युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए डिजिसक्षम कार्यक्रम शुरू किया है, जो तेजी से प्रौद्योगिकी संचालित युग में आवश्यक है। चूंकि डिजिसक्षम कार्यक्रम वर्ष 2021 में शुरू किया गया था, अतः वर्ष 2020 के दौरान इस कार्यक्रम के तहत कोई प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्लेसमेंट आदि नहीं किए गए थे।

*****